27/2 Roll No. …………………..

# MAHL–103

## आधुनिक एवं समकालीन कविता

M. A. Hindi (MAHL–12/16/17)

First Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. निम्नलिखित पद्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

चढ़ रही थी धूप
गर्मियों के दिन
दिवा का तमतमाता रूप।
उठी झुलसाती हुई लू

रुई ज्यों जलती हुई भू
गर्द चिनगी छा गई,
प्रायः हुई दुपहर,
वह तोड़ती पत्थर।

अथवा

"दुःख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात।
एक परदा यह झीना-नील, छिपाए है जिसमें सुख-गात॥"

2. खड़ी बोली के विकास में द्विवेदीयुगीन कविता के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।
3. महादेवी वर्मा के काव्य में 'वेदना तत्व' पर विचार कीजिए।
4. मुक्तिबोध की कविता में निहित सामाजिक बोध का विवेचन कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी पुनर्जागरण और भारतेन्दु।
2. 'दिनकर' की राष्ट्रीय भावना।
3. छायावाद पर गांधीजी का प्रभाव।
4. जयशंकर प्रसाद का कल्पना वैभव।
5. प्रगतिवादी कविता में यथार्थ चेतना।
6. केदारनाथ सिंह की कविता में लोक-दृष्टि।

7. समकालीन कविता की मुख्य प्रवृत्तियाँ।

8. अज्ञेय का सौन्दर्य-बोध।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

एक शब्द में उत्तर दीजिए :

1. 'भारत दुर्दशा' नाटक के रचनाकार कौन हैं ?
2. 'साकेत' महाकाव्य की रचना किस कवि ने की है ?
3. 'रश्मि' काव्यकृति की रचना किसने की है ?
4. 'तारसप्तक' का संपादन किसने किया ?
5. प्रयोगवादी काव्य की समय-सीमा क्या है ?

सही विकल्प चुनिए :

6. 'दिनकर' को किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?
   (अ) कुरुक्षेत्र
   (ब) उर्वशी
   (स) रश्मिरथी
   (द) सामधेनी
7. इनमें से नई कविता के कवि हैं :
   (अ) केदारनाथ सिंह
   (ब) केदारनाथ अग्रवाल
   (स) 'दिनकर'
   (द) नागार्जुन

8. निम्नलिखित में से किस कवि को पद्‌मभूषण पुरस्कार नहीं मिला ?

(अ) जयशंकर प्रसाद

(ब) महादेवी वर्मा

(स) सुमित्रानंदन पंत

(द) रामधारी सिंह 'दिनकर'

9. सुमित्रानंदन पंत की कौन-सी कृति छायावादी युग की नहीं है ?

(अ) वीणा

(ब) ग्रंथि

(स) पल्लव

(द) युगवाणी

10. "और, मेरे हृदय की धक-धक पूछती है—वह कौन सुनाई जो देता, पर नहीं देता दिखाई।" कविता की ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(अ) अज्ञेय

(ब) मुक्तिबोध

(स) शमशेर

(द) श्रीकांत वर्मा